Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title: Need to construct an under bridge at Khairtal, Alwar, Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : महोदय, मेरे लोकसभा क्षेत्र अलवर में खैरतल नाम का एक कस्बा है। वहां एक बहुत बड़ी कृाि मंडी है। कस्बे के बीच से रेल लाइन निकलती है। लेवल क्रासिंग और कृाि मंडी में होने वाले यातायात की वजह से, वहां दिन भर लोगों को रोड पर खड़े रहना पड़ता है, क्योंकि वहां जाम लगा रहता है। वहां लेवल क्रासिंग पर हर आधा -आधा घंटे के बाद ट्रेन आती है और मीलों लंबी लाइन लग जाती है। मेरा निवेदन है कि इस फाटक से करीब डेढ़ सौ मीटर नार्थ के अंदर अंडर ब्रिज बनाया जा सकता है, जिससे आने-जाने वालों को सुविधा होगी। इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहूंगा कि वहां एक अंडर ब्रिज बनाया जाए।